कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

कमला कॉलेज में भूतपूर्व छात्राओं का वार्षिक सम्मेलन

राजनांदगांव : शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव में महाविद्यालय के भूतपूर्व छात्राओं का वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य भूतपूर्व छात्राओं के संगठन को पंजीकृत करवाना एवं प्रत्येक वर्ष के गतिविधियां की रूपरेखा निर्धारित करना था । बसंत पंचमी के सुअवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ परम्परानुसार माता सरस्वती के पूजन एवं वंदन से हुआ ।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.सुमन सिंह बघेल ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि NAAC के मूल्यांकन मापदण्डों के अनुरूप महाविद्यालय के विकास एवं उन्नयन में भूतपूर्व छात्राओं की अहम भूमिका है । विशेषकर ऐसी भूतपूर्व छात्राएं जिन्होंने अपने आपको समाज के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित कर लिया है । उनसे महाविद्यालय को सतत् सहयोग एवं मार्गदर्शन की अपेक्षा है ।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.बसंत कुमार सोनबरे ने आमंत्रित सभी भूतपूर्व छात्राओं को अवगत कराया कि भूतपूर्व छात्रसंघ के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है अतः सभी इच्छुक भूतपूर्व छात्राएं निर्धारित सदस्यता शुल्क (वार्षिक 240 रू. अजीवन 4000 रू. एवं सरंक्षक 5000 रू.) की राशि संघ में जमा कर पंजीकृत संस्था की विधिवत् सदस्यता ग्रहण कर सकती है कार्यक्रम में लगभग 50 भूतपूर्व छात्राओं ने भाग लिया । विशेष रूप से आमंत्रित महाविद्यालय की सबसे वरिष्ठ भूतपूर्व छात्रा श्रीमती शारदा तिवारी (समाज सेविका), सुश्री संध्या देशपांडे (अधिवक्ता), श्रीमती सरिता भोजवानी (काउंसलर एवं समाज सेविका), डॉ.सीमा त्रिपाठी सहायक प्राध्यापक, डॉ.सोनल मिश्रा सहायक प्राध्यापक, सुश्री शीतल पारख (लेखिका एवं शिक्षिका), सुश्री सीमा डोल्हे (प्राचार्य,गायत्री विद्यापीठ), सुश्री प्रिति मोहबे (सौंदर्य विशेषज्ञ), श्रीमती योगिता गोस्वामी (शिक्षिका), श्रीमती संतुला देवांगन (प्रयोगशला तकनीशियन), कु.हर्षा कुशवाहा (शिक्षिका) एवं कु. गीता साहू (शिक्षिका) ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से अपने पुराने दिनों को याद किया तथा महाविद्यालय के प्रति अपना प्रेम एवं प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। श्रीमती शारदा तिवारी एवं संध्या देशपाण्डेय द्वारा 5000 रू. की राशि जमा कर संघ की आजीवन संरक्षक सदस्या भी ग्रहण किया गया ।

प्राचार्य महोदय के आग्रह पर भूतपूर्व छात्राओं के मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन के लिए मनोविज्ञान विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ.उषा मोहबे के विशेष रूप से उपस्थित थी । इस आयोजन में महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ.जयसिंग साहू, रूसा प्रभारी डॉ.निवेदिता ए.लाल एवं सहायक प्राध्यापक सुश्री आबेदा बेगम, श्री एम.के.मेश्राम, डॉ.ओंकार लाल श्रीवास्तव, डॉ.बृजबाला उइके, श्रीमती रामकुमारी धुर्वा, डॉ.दुर्गा शर्मा, डॉ.प्रज्ञा मिश्रा उपस्थित रहे । कार्यक्रम की संयोजक अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुश्री सृष्टि शर्मा के द्वारा आमंत्रित सदस्यों से फीड बैक फार्म भरवाया गया जिसके आधार पर महाविद्यालय प्रशासन उनके सुझावों को अमल में ला सके । बैठक का धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय में आई.क्यू.ए.सी. के समन्वय डॉ.जयसिंग साहू के द्वारा प्रस्तुत किया गया ।